an>

Title: Need to set up an Atomic Power Plant in Rajoli, Bihar-laid.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): भारत सरकार ने देश में आणविक विद्युत संयंत्र लगाने के संबंध में कई अवसरों पर देश के राज्यों में उसे स्थापित करने की घोषणायें भी की हैं जिसमें बिहार में रजौली का भी चयन किया गया है । बिहार सरकार ने कई बार राष्ट्रीय विकास परिषद में भी मुख्यमंत्री के द्वारा पानी की उपलब्धता के संबंध में आश्वासन दे रखा है, पर अभी भी केन्द्र सरकार ने आणविक विद्युत संयंत्र लगाने की स्वीकृति नहीं दी है जो अत्यंत दुखद है ।

अतः केन्द्र सरकार से आपके माध्यम से आग्रह करते हैं कि वह अविलंब बिहार के रजौली में आणविक विद्युत संयंत्र लगाने की घोषणा करें ।